Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ जालोर में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारभिंक) का वरिष्ठ सहायक 10,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 04 दिसम्बर, गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **महेन्द्र कुमार वरिष्ठ सहायक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारभिंक) जिला जालोर** को **10,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय स्थित **हैल्पलाईन नम्बर 1064** को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से आरोपी महेन्द्र कुमार (वरिष्ठ सहायक) कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारभिंक) जिला जालोर द्वारा परिवादी की स्कूल की मान्यता एवं यूडाईस आई डी व पासवर्ड जारी करने की एवज में 10,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जालोर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड़** के द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी महेन्द्र कुमार (वरिष्ठ सहायक) कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारभिंक) जिला जालोर से उक्त रिश्वत राशि दस हजार रूपये बरामद कर उपरोक्त आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।